सत्यमेव जयते

राजस्थान राज–पत्र साधारण	RAJASTHAN GAZETTE Ordinary
साधिकार प्रकाशित	**Published by Authority**

जिल्द 77 माघ 16, गुरुवार, शाके 1947–फरवरी 5, 2026 अंक 45
Vol. 77 Magha 16, Thursday, Saka 1947–February 5 , 2026 No. 45

भाग 7
विभिन्न विभागों में प्रदायों के लिए टेण्डर मांगने की सूचनाओं को सम्मिलित करते हुए सार्वजनिक और निजी विज्ञापन आदि।

शपथ–पत्र (नागरिकों के लिए)

मैं घेवर चंद S/O खेता राम, उम्र लगभग 55 वर्ष, निवासी गिरली चारणान, करना, सिणधरी, शपथपूर्वक निम्नलिखित घोषणा करता हूँ :–

मेरी पत्नी का नाम मूली देवी है जिनका देहांत हो गया है मेरे पुत्र के स्कूल रिकॉर्ड में माता का नाम अपडेट करावे –

1. यह कि मैं भारत की नागरिक हूँ और वर्तमान पते पर निवास करता हूँ।
2. यह कि पूर्व में, मेरे पुत्र ने आध्यात्मिक/सामाजिक प्रतिबद्धता के तहत तरपतानंद गिरी से गुरु दीक्षा ली थी।
3. यह कि मेरे पुत्र के माता का वास्तविक और कानूनी जन्म/जैविक नाम मूली देवी है।
4. यह कि वर्तमान में, मेरा पुत्र जसवंत सिंह तंवर ने स्वेच्छा से अपनी पूर्व की प्रतिबद्धता समाप्त कर दी है और वह मेरे साथ (घेवर चंद) निवास स्थान गिरली चारणान करना, सिणधरी पर रह रहा है।
5. यह कि मैं इसके द्वारा घोषणा करता हूँ कि मेरे पुत्र के सभी सरकारी, शैक्षणिक और कानूनी दस्तावेज़ों में उसके नाम के आगे उसके जैविक माता का नाम मूली देवी ही दर्ज किया जावे।
6. यह कि मैंने यह शपथ–पत्र आवश्यक कानूनी रिकॉर्ड में मेरे पुत्र के निवास और माता के नाम के परिवर्तन को प्रमाणित करने के उद्देश्य से बनवाया है।
7. यह कि इस शपथ–पत्र में दी गई सभी जानकारी मेरी सर्वोत्तम जानकारी और विश्वास के अनुसार सत्य है और मैंने कुछ भी नहीं छिपाया है।

Ghevar Chand
शपथकर्ता/घोषणाकर्ता

ATTESTED
RAJAN DAVE
16-12-2025
NOTARY, BALOTRA (RAJ.).
31197

राज्य केन्द्रीय मुद्रणालय, जयपुर।